The following borrowers of Shivalik Small Finance Bank Ltd. are hereby informed that Gold Loan/s availed by them from the Bank have not been adjusted by them despite various demands and notices including individual notices issued by the Bank. All borrowers are hereby informed that it has been decided to auction the Gold ornaments kept as security with the Bank and accordingly has been fixed at **11:00 am** in the branch premises from where the loan was availed. All, including the borrowers, account holders and public at large can participate in this auction on as per the terms and conditions of auction.

Auction date is 17.09.2026 @ 11:00 am.

S. NO	Branch	Account No.	Actt Holder name
1	MUZAFFARNAGAR	101842511051	GAURAV KUMAR
2	MAWANA	102842510358	TARUN LALIT
3	SARDANA	103142510682	SUNITA .
4	SARDANA	103142510679	HARIOM .

The Bank reserves the right to delete any account from the auction or cancel the auction without any prior notice. **Authorised Officer, Shivalik Small Finance Bank Ltd.**

MARC LOIRE FASHIONS LIMITED

(Formerly known as Marc Loire Fashions Private Limited)
Plot No. 426/1, First Floor, Rani Khera Road, Mundka, New Delhi-110041
CIN: L18202DL2014PLC266184 Website: www.marcloire.com,
Email: finance@marcloire.in, Ph: +91-6200962002

CORRIGENDUM TO THE ANNUAL REPORT FOR THE FINANCIAL YEAR 2025-26

The Company has issued the Notice dated 2nd September, 2026, convening the 13th (Thirteenth) Annual General Meeting (AGM") to be held on Tuesday, 29th September, 2026 at 11:30 AM (IST) Through Video Conferencing (VC)/ Other Audio Visual Means (OAVM) and the Annual Report for the financial year 2025-26

The said Notice of the 13th AGM and Annual Report were circulated to the shareholders of the Company on 2nd September, 2026 in compliance with the provisions of Companies Act, 2013 read with the relevant rules made thereunder and SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.

Subsequent to the circulation of the Annual Report, the Company observed an inadvertent typographical error in the reproduction of certain figures in the Cash Flow Statement appearing on Page No. 132 of the Annual Report.

Accordingly, the Company has issued a Corrigendum to the Annual Report and uploaded the Corrigendum together with the Revised Annual Report on the website of the Company at https://marcloire.com/investors. The Corrigendum and the Revised Annual Report have also been submitted to BSE Limited for dissemination to the shareholders and the investing public.

This Corrigendum shall form an integral part of the Annual Report for the financial year 2025-26 which has already been circulated to Members of Company and from the date hereof, the Annual Report for the financial year 2025-26 shall always be read in conjunction with this Corrigendum. Save and except the modifications specifically set out in the Corrigendum, all other contents of the Annual Report shall remain unchanged.

The Corrigendum to the Annual Report along with the Revised Annual Report has also been circulated on 9th September, 2026 through electronic mode to the Members whose email addresses are registered with the Company/ Registrar and Transfer Agent/Depository Participant(s).

The Company regrets any inconvenience caused to the shareholders due to the inadvertent error.

This Corrigendum is also available on the Company's website at https://marcloire.com/investors, on the website of BSE Limited at www.bseindia.com and on the website of NSDL at www.evotingindia.com.

For MARC LOIRE FASHIONS LIMITED
Sd/-
Vasant Kuber Soni
Place: 09/09/2026 **Company Secretary & Compliance officer**
Date: Delhi **M. No.: A66674**

GOODLUCK INDIA LIMITED

Regd. Office: 509, Arunachal Building, Barakhamba Road, Connaught Place, N. Delhi – 110001, INDIA
Corp. Office: II-F, 166-167, Nehru Nagar, Ambedkar Road Ghaziabad-201001, U.P., India
CIN: L74899DL1986PLC050910
Tel: 91-120-4196600, 4196700; **E-mail:** cs@goodluckindia.com; **website:** www.goodluckindia.com

NOTICE OF 40TH ANNUAL GENERAL MEETING OF GOODLUCK INDIA LIMITED

Notice is hereby given that the 40th Annual General Meeting ('AGM') of the Goodluck India Limited ('the Company') will be held through Video Conferencing/Other Audio-Visual Means ('VC/OAVM') on Wednesday, September 30, 2026 at 12:00 Noon IST, in compliance with all the applicable provisions of the Companies Act, 2013 ('Act') and the Rules made thereunder and the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ('SEBI Listing Regulations'), read General Circular Nos. 14/2020 dated April 08, 2020 and 17/2020 dated April 13, 2020, General Circular Nos. 20/2020 dated May 05, 2020, and subsequent circulars issued in this regard, the latest being, General Circular No. 03/2025 dated September 22, 2025 and other applicable circulars issued by the Ministry of Corporate Affairs ('MCA') (collectively referred to as 'MCA Circulars') to transact the business, as set out in the Notice of AGM which is being circulated for convening the AGM. The Notice of the Meeting, Annual Report for the financial year ended March 31, 2026 and remote e-voting details have been sent in electronic mode to all the members whose e-mail IDs are registered with the Company/RTA/ Depository The date of completion of sending email of the notices to the shareholders was September 08, 2026. These documents are also available on Company's website **www.goodluckindia.com** for download by the members.

In case you have not registered your email ID with the Company/ Depository, please follow below instructions to register your email ID for obtaining annual report for FY 2025-26 and login details for e-voting.

Physical Holding	Shareholders are requested to furnish their email ids, mobile no., bank account details for the purpose of 40th AGM (Annual General Meeting) of the Company and/or other details in Form ISR-1 and other relevant forms prescribe by SEBI with the company's Registrar and Share Transfer Agent of the Company, MAS Services Limited T-34, 2nd Floor, Okhla Industrial Area, Phase-II, New Delhi 100020. Email Id: investor@masserv.com Website: www.masserv.com. Relevant forms prescribed by the SEBI in this regard are available on the website of the RTA at www.masserv.com under download tab. You are requested to kindly note the same and update your particulars timely.
Demat Holding	Please contact your Depositary Participant (DP) and register your email address as per the process advised by DP. Please also update your bank detail with your DP for dividend payment by NACH if declare by company.

Relevant forms prescribed by the SEBI in this regard are available on the website of the RTA at www.masserv.com under download tab. You are requested to kindly note the same and update your particulars timely.

Please also update your bank detail with your DP for dividend payment by NACH if declare by company.

In compliance with the provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013 read with the Companies (Management and Administration} Rules, 2014 as amended and Regulation 44 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements} Regulations, 2015, the Company has offered e-voting facility for transacting all the business by National Services Depository Limited (NSDL) through their portal www.evoting@nsdl.co.in to enable the members to cast their votes electronically. The remote e-voting period commences on Sunday, September 27, 2026 at 9:00 a.m. (IST) and ends on Tuesday, September 29, 2026 at 5:00 p.m. (IST). The remote e-voting module shall be disabled by NSDL for voting thereafter. However, the facility for voting through e-voting shall be made available at the AGM and the members who have cast their vote by remote e-voting prior to the AGM may also attend the AGM but shall not be entitled to cast their vote again. The Results of voting will be declared within two working days from the conclusion of the AGM and the Resolutions will be deemed to be passed on the date of the AGM, subject to receipt of requisite number of votes. Any person, who acquires shares and becomes member of the Company after dispatch of the notice and holding shares as of the cut-off date i.e. September 23, 2026, may obtain the login ID and password by sending a request at evoting@nsdl.co.in or RTA, MAS Services Limited at investor@masserv.com. However, if the members are already registered with NSDL for remote e-voting then they can use their existing user ID and password for casting their vote. Once the vote on a resolution is cast by the member, the member shall not be allowed to change it subsequently. Mr. Ravi Shankar Sharma, (C.P. No. 8007), Practicing Company Secretary has been appointed as Scrutinizer for the e-voting process. The detailed procedure for remote e-voting is contained in the letter sent with the Notice of the AGM. Any query/grievance relating to e-voting may be addressed to the undersigned at cs@goodluckindia.com (Ph. 0120-4196600) or to RTA at investor@masserv.com (Ph. 011-26387281-83).

Record Date and Dividend

Members may note that the Board of Directors of the Company, at its meeting held on May 26, 2025, recommended a dividend of ₹3.00 per Ordinary (Equity) Share of face value of ₹2/- each for the financial year ended March 31, 2026. Subsequently pursuant to issue of Bonus Equity share in ratio 2:1, i.e., 2 (Two) Bonus Equity Shares of ₹2/- each for every 1 (One) existing Equity Share of ₹2/- each, the recommended final dividend has been appropriately adjusted from ₹3.00 per Equity Share to ₹1.00 per Equity Share. The dividend, if declared at the AGM, will be paid, subject to deduction of tax at source. Pursuant to Regulation 42 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the Board has fixed Wednesday, September 23, 2026, as the Record Date for determining the Members entitled to receive the dividend for the financial year ended March 31, 2026

For Goodluck India Limited

Sd/-
Abhsihek Agrawal
Date: 10.09.2026 **Company Secretary**
Place: Ghaziabad **ICSI M.no. A20983**

48 हजार से ज्यादा अल्प्राजोलम टैबलेट जब्त, एक शख्स अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



मध्य जिले की एंटी नारकोटिक्स सेल ने अवैध साइकोट्रोपिक ड्रग्स की सप्लाई का खुलासा किया है। इस सिलसिले में एक शख्स को पकड़ा गया है। इसके साथ ही 48,600 अल्प्राजोलम टैबलेट जब्त की गई है। गिरफ्तार किये गये शख्स का नाम सुनील वर्मा (43) बताया गया है। पुलिस के अनुसार बरामद ड्रग्स का वजन लगभग 5.832 किलोग्राम है। यह बरामदगी भारत में अल्प्राजोलम की अधिसूचित कमर्शियल मात्रा से 59 गुना अधिक है। पुलिस ने यह भी बताया कि अल्प्राजोलम टैबलेट एक शेड्यूल की गई साइकोट्रोपिक दवा है, जिसे वैध मेडिकल प्रिस्क्रिप्शन और अधिकृत दस्तावेजों के बिना कम मात्रा में भी अपने पास रखना या ट्रांसपोर्ट करना मना है। पहाड़गंज पुलिस मामले में आगे जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार दिल्ली को ड्रग मुक्त बनाने और साइकोट्रोपिक पदार्थों के खतरे को रोकने के प्रयास जारी है। ऐसी ड्रग्स की अवैध बिक्री और सप्लाई में शामिल लोगों के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य सप्लाई चेन को तोड़ना, ड्रग तस्करी में शामिल लोगों की पहचान करना और अपराधियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करना है। इस अभियान के दौरान मध्य जिले की एंटी नारकोटिक्स सेल को साइकोट्रोपिक पदार्थों की अवैध सप्लाई में शामिल एक व्यक्ति के बारे में विशेष गुप्त सूचना मिली थी। पुलिस ने पहाड़गंज में बसंत रोड पंचकुइयां रोड के टी-पॉइंट पर जाल बिछाया और ज्वाला नगर, शाहदरा के रहने वाले 43 वर्षीय सुनील वर्मा को पकड़ा। वह अपनी सैंट्रो कार में अल्प्राजोलम टैबलेट की सप्लाई करने जा रहा था। गाड़ी की तलाशी के दौरान 48,600 अल्प्राजोलम टैबलेट बरामद हुईं। यह मात्रा व्यावसायिक मात्रा के दायरे में आती है। इस संबंध में पहाड़गंज थाने में एनडीपीएस एक्ट की धारा 22/25 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। गौरतलब है कि भारत में अल्प्राजोलम की नोटिफाइड कमर्शियल क्वांटिटी 100 ग्राम है, जबकि इस मामले में बरामदगी तय कमर्शियल क्वांटिटी से 59 गुना अधिक है। इस मामले में पांच किलोग्राम से अधिक अल्प्राजोलम टैबलेट की बरामदगी इलाके में साइकोट्रोपिक दवाओं की बड़े पैमाने पर अवैध सप्लाई और डायवर्जन की ओर इशारा करती है। वर्मा ने बताया कि वह शाहदरा और पूर्वी दिल्ली के इलाकों में मेडिकल दुकानों को ऐसे पदार्थ सप्लाई करता था। साइकोट्रोपिक पदार्थों के स्रोत और उन्हें हासिल करने के तरीके के साथ-साथ सप्लाई चेन में अन्य संपर्कों का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

चोरी की शिकायत करने गए शख्स से पुलिस ने की मारपीट

नई दिल्ली। वाहरी दिल्ली के यादव नगर में रहने वाले एक ई रिक्शा चालक ने पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़ित का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसमें वह रोते हुए आरोप लगा रहा है कि जब वह अपनी ई रिक्शा की चोरी की शिकायत दर्ज कराने गया तो एक पुलिसकर्मी ने उसके साथ मारपीट की और उसका हाथ तोड़ दिया। वहीं पुलिस ने मारपीट से इनकार किया है। मिली जानकारी के अनुसार समीर नामक व्यक्ति आठ सितंबर को अपने ई रिक्शा की चोरी की शिकायत करने समयपुर पुलिस चौकी पहुंचा था। उसने आरोप लगाया था कि उसका ई रिक्शा दीना नामक व्यक्ति ने चुरा लिया है। समीर और दीना एक-दूसरे को जानते थे और दोनों के बीच कहासुनी हुई थी। पुलिस ने कहा कि जांच में पता चला कि चोरी की कोई घटना नहीं हुई थी और ई-रिक्शा समीर के पास ही था। पुलिस ने कहा कि कार्यवाही दर्ज की गई थी और पुलिस द्वारा मारपीट किए जाने के आरोप की पुष्टि नहीं हुई। सोशल मीडिया पर आए वीडियो में ई-रिक्शा चालक रोते हुए यह दावा करता नजर आ रहा है कि उसका वाहन चोरी हो गया था और जब वह शिकायत दर्ज कराने गया तो एक पुलिसकर्मी ने उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने कहा कि उसकी जांच में सामने आए तथ्य वीडियो में लगाए गए आरोपों का समर्थन नहीं करते।

हवा में गोली चलाने वाला एनडीएमसी इंजीनियर दबोचा

नई दिल्ली। मध्य जिले के राजेंद्र नगर इलाके में हवा में गोली चलाने के आरोप में एनडीएमसी के एक 29 वर्षीय कनिष्ठ अभियंता को गिरफ्तार किया गया है। गगन दीप सिंह नामक इस इंजीनियर ने शराब के नशे में फायर खोला था। पुलिस के अनुसार बीट कर्मी को सुरक्षा देर रात करीब दो बजे राजेंद्र नगर के खड़ा बाजार में हवा में गोली चलाए जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद गगन दीप सिंह को पकड़ लिया गया। ओल्ड राजेंद्र नगर निवासी गगन दीप सिंह नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) की एक परियोजना में कनिष्ठ अभियंता के रूप में काम करता है। वह मूल रूप से उत्तराखंड के हरिद्वार के कनखल का रहने वाला है।

अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड
CIN: U74210DL1991PLC042569
पंजी. कार्यालय : 205-208, अनाराकली कॉम्पलैक्स, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055
Website: www.alankitassignments.com/investor-charter;
Email ID: info@alankit.com; Tel No.: 011-42541234/904
सूचना
विषय : फिजिकल सिक्योरिटीज के हस्तांतरण और डिमैटीरियलाइजेशन हेतु स्पेशल विंडो
सेबी सर्कुलर नं. HO/38/13/11(2)/2026-MIRSD-POD//I/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी 2026 के अनुसरण में, रिस्टेड कम्पनियों के फिजिकल शेयरों के हस्तांतरण और डिमैटीरियलाइजेशन हेतु एक स्पेशल विंडो उपलब्ध करवाई गई है।
यह सुविधा 01 अप्रैल 2019 से पूर्व बेचे/खरीदे गये शेयरों के लिए उपलब्ध है और 05 फरवरी 2026 से 04 फरवरी 2027 तक खुली रहेगी।
फिजिकल शेयर सर्टिफिकेट्स धारण करने वाले शेयरधारकों को निर्धारित अवधि के अंदर इस अवसर का लाभ उठाने का परामर्श दिया जाता है।
विवरण हेतु : www.alankitassignments.com/investor-charter/
ई-मेल आईडी jksingla@alankit.com
कृते अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड
हस्ता/-
दिनांक : 10 सितम्बर, 2026 अंकित अग्रवाल
स्थान : नई दिल्ली निदेशक

अलंकित लिमिटेड
CIN: L74900DL1989PLC036860
पंजी. कार्यालय : 205-208, अनाराकली कॉम्पलैक्स, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055
Website: www.alankit.in Email for investors: investor@alankit.com
Tel No.: 011-42541234/904
सूचना
(कम्पनी के इक्विटी शेयरधारकों के ध्यानार्थ)
विषय : फिजिकल सिक्योरिटीज के हस्तांतरण और डिमैटीरियलाइजेशन हेतु स्पेशल विंडो
सेबी सर्कुलर नं. HO/38/13/11(2)/2026-MIRSD-POD//I/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी 2026 के अनुसरण में, रिस्टेड कम्पनियों के फिजिकल शेयरों के हस्तांतरण और डिमैटीरियलाइजेशन हेतु एक स्पेशल विंडो उपलब्ध करवाई गई है।
यह सुविधा 01 अप्रैल 2019 से पूर्व बेचे/खरीदे गये शेयरों के लिए उपलब्ध है और 05 फरवरी 2026 से 04 फरवरी 2027 तक खुली रहेगी।
कम्पनी के फिजिकल शेयर सर्टिफिकेट्स धारण करने वाले शेयरधारकों को निर्धारित अवधि के भीतर इस अवसर का लाभ उठाने का परामर्श दिया जाता है।
विवरण हेतु : www.alankit.in | ई-मेल आईडी investor@alankit.com आरटीए : अलंकित असाइनमेंट्स लि., फोन : 011-42541100 | ई-मेल आईडी : jksingla@alankit.com
कृते अलंकित लिमिटेड
हस्ता/-
दिनांक : 10 सितम्बर, 2026 अंकित अग्रवाल
स्थान : नई दिल्ली प्रबंध निदेशक

क्रेडिट कार्ड सीमा बढ़ाने के बहाने ठगी करने वाले पांच गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर पूर्वी जिले की साइबर पुलिस ने क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाने के बहाने ठगी करने वाले गैंग से जुड़े पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम करण उर्फ काके (30), राकेश कुमार उर्फ राणा (47), फैजान (23), रौनक (26) और गौरव शर्मा (24) बताये गये हैं। आरोपी बैंक प्रतिनिधि बनकर लोगों को लंबे समय से चूना लगा रहे थे।

डीसीपी राहुल अलवल के अनुसार करावल नगर निवासी प्रशांत शर्मा की शिकायत पर नौ सितंबर को इस संबंध में मामला दर्ज किया गया। दरअसल शर्मा को बैंक प्रतिनिधि बनकर एक व्यक्ति ने फोन आया था। उन्हें क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाने का लालच दिया गया, जिसके बाद पीड़ित ने आरोपी द्वारा बनाई गई फर्जी वेबसाइट पर अपने कार्ड का गोपनीय विवरण दर्ज कर दिया। जालसाजों ने विवरण का दुरुपयोग कर लगभग 31,663 रुपये का अनधिकृत लेनदेन किया। जांच के दौरान पता चला कि ठगे गए पैसे का इस्तेमाल एक वेबसाइट के माध्यम से सोना खरीदने के लिए किया गया था। वस्तु को बाद में तिलक नगर में एक अज्ञात पते पर पहुंचा दिया गया। पुलिस ने बताया कि फर्जी बैंक वेबसाइट के तकनीकी विश्लेषण से पुलिस गौरव शर्मा तक पहुंची, जिसने फर्जी वेबसाइट पर बनाई और संचालित की थी। रौनक ने वेबसाइट के निर्माण के लिए भुगतान किया था। करण और राकेश मंगोलपुरी से एक कॉल सेंटर चला रहे थे और खुद को बैंक प्रतिनिधि बताकर लोगों से क्रेडिट कार्ड का विवरण प्राप्त करने के लिए संपर्क करते थे। फैजान ने कथित तौर पर एक सूत्रधार के रूप में काम किया और फोन करने वाले दो लोगों को उनकी पहचान छिपाने और धोखाधड़ी में मदद करने के लिए सिम कार्ड और मोबाइल फोन उपलब्ध कराए। पुलिस ने सबसे पहले नौ सितंबर को करण और राकेश को पकड़ा। उनसे पूछताछ के बाद फैजान, गौरव और रौनक की गिरफ्तारी हुई। ठगों के पास से नौ मोबाइल फोन व एक लैपटॉप बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार देश के विभिन्न हिस्सों से राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज की गई 14 शिकायतें ठगों से लिंक हुई है।

उत्तर पश्चिम जिला भाजपा में मोर्चों के नवनियुक्त अध्यक्षों ने संभाला पदभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- किसान, मजदूर, ओबीसी, युवा, महिला तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर भाजपा संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत किया जाएगा : सहरावत

उत्तर पश्चिम जिला भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न मोर्चों के नवनियुक्त जिला अध्यक्षों का पदभार ग्रहण कार्यक्रम उत्साह एवं जोश के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों तथा दिल्ली देहात के किसानों एवं विभिन्न सामाजिक वर्गों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लेकर नवनियुक्त अध्यक्षों को शुभकामनाएं दीं।

उत्तर पश्चिम जिला भाजपा अध्यक्ष विनोद सहरावत ने सभी नवनियुक्त मोर्चा अध्यक्षों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दिल्ली देहात हमारा अपना क्षेत्र और किसान-मजदूर हमारी संगठनात्मक शक्ति हैं। किसान, मजदूर, ओबीसी, युवा, महिला तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर भाजपा संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत किया जाएगा।

सहरावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना भाजपा कार्यकर्ताओं की प्राथमिकता है।

कार्यक्रम में किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुदेश बाल्यान एवं ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष अशोक वर्मा ने विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर वर्तमान जिला अध्यक्ष संदीप कौशिक ने किसानों के सम्मान एवं गौरव के प्रतीक हल चिन्ह भेंट कर किसान मोर्चा अध्यक्ष का स्वागत किया। वहीं ओबीसी समाज के बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने अशोक वर्मा का सम्मान एवं अभिनंदन किया।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अरुण**, पिता: **महेंद्र**, निवासी: **मकान नंबर 1052, गली नंबर 25, स्वतंत्र नगर, नरेला, दिल्ली** ने **FIR No. 715/2021, U/s: 25/54/59 Arms Act, पुलिस थाना नरेला औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अरुण** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अरुण** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना नरेला औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली** के अभियुक्त **अरुण** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.10.2026** या इससे पहले हाजिर हो। आदेशानुसार
श्री साहिल गुप्ता
जेएमएफसी–07, नॉर्थ, ग्राउंड फ्लोर, कमरा नंबर 06
DP/12816/ON/2026 रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
(धारा 82(2) (ii) Cr.P.C. देखिए)
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जसपाल सिंह** पुत्र **भगत सिंह** निवासी ई–245, **जेजे कॉलोनी, वजीरपुर, दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 308/2022, अंतर्गत धारा 356/379/411/34 आईपीसी, थाना भारत नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जसपाल सिंह** मिल नहीं रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जसपाल सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 308/2022, अंतर्गत धारा 356/379/411/34 आईपीसी, थाना भारत नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **जसपाल सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.11.2026** को या उससे पहले हाजिर हो। आदेशानुसार
अनुराधा जिन्दल
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी
DP/12731/NW/2026 कमरा संख्या 101, उत्तर पश्चिम
(Court Matter) रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

एमसीडी ने 41 अवैध निर्माण में की तोड़फोड़, 61 संपत्तियां सील 32 को कारण बताओ नोटिस और ध्वस्तीकरण आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने प्रवर्तन अभियान और तेज कर दिया है। एमसीडी के अनुसार इस कार्रवाई के तहत गुरुवार को करीब 41 संपत्तियों पर बने अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया है। जबकि चांदनी चौक कूंचा महाजन में दुकानों सहित कुल 61 संपत्तियों पर सील लगाई गई है। इसके अलावा निगम ने 32 संपत्तियों के मालिकों को कारण बताओ नोटिस भेजा है और 3 संपत्तियों को ध्वस्तीकरण का आदेश जारी किया है। निगम का दावा है कि दिल्ली में विभिन्न पीजी भवनों का व्यापक सर्वेक्षण के तहत 1,355 भवनों का सर्वेक्षण किया जिनमें लगभग 27 हजार लोग रह रहे है। निगम ने बताया कि सीलिंग की बड़ी कार्रवाई में चांदनी चौक कूंचा महाजन में बेसमेंट में संचालित 54 अवैध दुकानें सील कर दी गई है। एमसीडी का कहना है कि दिल्ली के सभी 12 निगम जोनों में खतरनाक भवनों, अनधिकृत निर्माण तथा मास्टर प्लान ऑफ दिल्ली (एमपीडी) और भवन उपविधियों के उल्लंघन के विरुद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान को और तेज कर दिया है। अभियान के दौरान आज ईस्ट जोन के खुरेजी खास, जगतपुरी और लक्ष्मी नगर क्षेत्रों में कई स्थानों पर प्रमुख ध्वस्तीकरण कार्रवाई की गई।

वेस्ट जोन में पश्चिम पुरी, मादीपुर में कार्रवाई के दौरान पहली से तीसरी मंजिल तक एक-एक रूफ पैनल को ध्वस्त अथवा काट दिया गया। सुभाष नगर में एक रूफ पैनल काटने के साथ-साथ चौथी मंजिल की छत पर बने टॉयलेट ब्लॉक को पूरी तरह ध्वस्त किया गया। सोम बाजार रोड, विपिन गार्डन, उत्तम नगर में भूतल के एक रूफ पैनल को ध्वस्त किया गया। आकाश विहार, बक्करवाला रोड के समीप स्थित एक संपत्ति को पूरी तरह ध्वस्त किया गया, जबकि नांगली विहार में पहली मंजिल के एक रूफ पैनल और दो दीवारों को ध्वस्त किया गया। निहाल विहार, नांगलोई में चौथी मंजिल के दो स्लैब पैनल ध्वस्त किए गए। वहीं सेंट्रल जोन में मदनपुर खादर एक्सटेंशन स्थित जी प्लस 5 भवन के विरुद्ध भी प्रवर्तन कार्रवाई की गई, जहां पांचवीं मंजिल के चार पैनल काटे गए और इसके बाद भवन को सील कर दिया गया। एमसीडी ने बताया कि दिल्ली भर में पेइंग गेस्ट आवासीय भवनों का व्यापक फील्ड सर्वेक्षण किया है। इसका उद्देश्य एक विस्तृत डेटाबेस तैयार करना तथा आगे की कार्रवाई की रूपरेखा तैयार करना है। अब तक किए गए सर्वेक्षण के दौरान लगभग 1,355 ऐसे भवनों की पहचान की गई है, जहां पीजी सुविधाएं संचालित हो रही हैं। इन भवनों में लगभग 27 हजार लोग रह रहे हैं।



सत्या शर्मा ने की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक असुरक्षित एवं जर्जर इमारतों को लेकर दिए निर्देश

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने जोन के उपायुक्तों एवं एजुकेशनल इंजीनियरों के साथ असुरक्षित, जर्जर एवं असुरक्षित इमारतों की स्थिति को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। गुरुवार को बुलाई बैठक में अध्यक्ष सत्या शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सत्य निकेतन की घटना से सबक लेते हुए सभी 12 जोन में असुरक्षित एवं जर्जर इमारतों का समयबद्ध सर्वे कर अत्यधिक जोखिम वाली इमारतों की प्राथमिकता सूची तैयार की जाए। उन्होंने चिन्हित असुरक्षित इमारतों की विस्तृत रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, जिसमें सर्वे, नोटिस, सीलिंग, आंशिक, पूर्ण ध्वस्तीकरण तथा लंबित मामलों की जानकारी शामिल हो। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से पुराने बाजारों, घनी आबादी वाले क्षेत्रों तथा सड़क, बाजार और सार्वजनिक स्थानों के आसपास स्थित असुरक्षित इमारतों पर प्राथमिकता से कार्रवाई की जाए। जिन इमारतों को असुरक्षित घोषित किया जा चुका है, उनमें नियमानुसार सीलिंग, खाली कराने तथा आंशिक अथवा पूर्ण ध्वस्तीकरण की कार्रवाई समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाए।

विधायक शर्मा का पीजी वैध है तो एमसीडी से पास नक्शा दिखाएं, सीएम तुरंत करे कार्रवाई: भारद्वाज

नई दिल्ली। सत्य निकेतन पीजी मामला अब पक्ष विपक्ष के लिए आरोप प्रत्यारोप का खड़ा खेल बन गया है। गुरुवार को आम आदमी पार्टी के दिल्ली अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने भाजपा को निशाने पर रखते हुए उसके विधायक अनिल शर्मा पर पीजी चलाने को लेकर बड़ा हमला बोला। भारद्वाज ने कुछ कागजात पेश करते हुए आरोप लगाए हैं कि भाजपा के स्थानीय विधायक अनिल शर्मा वहां पीजी चला रहे हैं, जबकि उनका पीजी वैध है तो वह एमसीडी से पास नक्शा दिखाएं, कंप्लीशन सर्टिफिकेट और फायर एनओसी सार्वजनिक करें। भारद्वाज ने कहा कि जहां पहले विधायक अनिल मानने को ही तैयार नहीं थे, वहीं अब स्वीकार कर रहे है कि पीजी उनके रिश्तेदार का है। भारद्वाज ने कहा कि एमएलए शर्मा के पास 200 बेड के पीजी वाली कमर्शियल बिल्डिंग है।

एमसीडी ने भवन विभाग में लापरवाही बरतने पर एक ई सहित दो जेई को किया निलंबित

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम सत्य निकेतन पीजी मामले में पहले पांच आला अधिकारियों को सस्पेंड कर चुकी है। अब गुरुवार को निगम ने अनधिकृत निर्माण के विरुद्ध कार्रवाई में लापरवाही बरतने के चलते भवन विभाग के तीन अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इनमें दक्षिण-पश्चिम जोन के भवन विभाग में कार्यरत सहायक अभियंता (एई) रविंदर कुमार, कनिष्ठ अभियंता (जेई) सुमन सौरभ तथा दक्षिण-पश्चिम जोन के भवन विभाग में कार्यरत कनिष्ठ अभियंता (जेई) मोहित यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।


इस मामले में एमसीडी ने स्पष्ट किया है कि अनधिकृत निर्माण से संबंधित मामलों में अधिकारियों द्वारा किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा कर्तव्य के प्रति उदासीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निगम ने क्षेत्रीय स्तर के अधिकारियों को सतर्क रहने तथा निर्धारित नियमों एवं प्रक्रियाओं के अनुसार उल्लंघनों के विरुद्ध समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। एमसीडी ने पुन स्पष्ट किया है कि सभी स्तरों पर जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी और अपने दायित्वों का समुचित निर्वहन करने में विफल पाए जाने वाले अधिकारियों के विरुद्ध लागू नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। निगम ने दोहराया है कि दिल्ली में भवन मानदंडों का अनुपालन सुनिश्चित करने तथा अनधिकृत निर्माण को रोकथाम के लिए हर संभव आवश्यक प्रवर्तन एवं प्रशासनिक कार्रवाई लगातार जारी रखेगा।

कूंचा महाजन में 50 से अधिक दुकानों पर सील लगाने से व्यापारियों में हड़कंप, सरकार से नाराज

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चांदनी चौक स्थित कूंचा महाजन में बेसमेंट स्थित 50 से अधिक दुकानों पर सील लगा दी। निगम द्वारा की गई इस बड़ी कार्रवाई से पीड़ित दुकानदारों व व्यापारियों में हड़कंप मच गया और उन्होंने दिल्ली सरकार व दिल्ली नगर निगम के प्रति भारी नाराजगी दिखाई। गुरुवार को की गई इस बड़ी कार्रवाई में निगम द्वारा करीब 54 दुकानों सील की। इस बारे में निगम अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई मॉनिटरिंग कमेटी के निर्देश पर लगाई गई है। वहीं सीलिंग से परेशान दुकानदारों ने नाराजगी जताते हुए सवाल उठाए कि सत्या निकेतन में पीजी सिरके के बाद दबादब दुकानें सील करने, तोड़फोड़ करने में निगम जुट गया है। जबकि यहां स्थित कई दुकानें तो लगभग 40 वर्ष से भी पुरानी है। व्यापारियों का आरोप है कि निगम की तरफ से कोई नोटिस नहीं दिया गया और एकाएक आकर दुकानों पर सील लगा दी। निगम अधिकारियों ने दुकानों में रखे माल को निकालने का समय तक नहीं दिया जोकि सरासर गलत है। व्यापारियों का कहना है कि सील से पहले नोटिस भेजते तो कम से कम दुकानों में मरा माल तो निकाल लेते। व्यापारियों ने कहा कि हम मामले पर हम मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, महापौर प्रवेश वाही सहित निगमायुक्त से अपील करते है कि संभंरता से ध्यान देकर रहत दी जाए। व्यापारियों ने कहा कि यहां के दुकानदार नियमों से जोड़ेसरी सहित अब्य सभी कर करोड़ो रुपए में भरते है। ऐसे में सरकार द्वारा सुविधाएं देने की बजाए जब मर्जी सील लगाने जैसी कार्रवाई किसी भी तरह से उचित नहीं कही जा सकती।

बिना पूर्व सूचना के सीलिंग की कार्रवाई से व्यापारी और आम लोग परेशान : यादव

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम द्वारा गुरुवार को अचानक शुरू की गई सीलिंग की कार्रवाई से व्यापारी और आम जनता परेशान है। यह बात गुरुवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कही। उन्होंने कहा कि बिना पूर्व सूचना, स्पष्ट दिशा-निर्देश और प्रभावित दुकानदारों को उचित अवसर दिए अचानक सीलिंग करना व्यापारियों और आम जनता के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा यदि किसी संपत्ति पर प्रतिष्ठान के खिलाफ कार्रवाई आवश्यक थी, तो पहले नोटिस देकर दस्तावेजों की जांच, सुनवाई और सुधार का उचित अवसर दिया जाना चाहिए था। यादव ने कहा दिल्ली में पिछले करीब दो दशकों से अवैध निर्माण और अवैध दुकानों का लगातार बढ़ना भाजपा शासित नगर निगम की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। इतने वर्षों तक निगम अधिकारियों और भाजपा नेताओं की नाक के नीचे अवैध निर्माण होते रहे, लेकिन समय रहते कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि अब अचानक बिना पर्याप्त तैयारी, स्पष्ट नीति और प्रभावित लोगों को उचित अवसर दिए आनन-फानन में सीलिंग की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इससे न केवल दुकानदारों, छोटे व्यापारियों और आम लोगों के सामने रोजी-रोटी का संकट पैदा हो रहा है बल्कि बाजारों में आने वाले आम लोगों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। और बाजारों में अफरा-तफरी का माहौल है। यादव का कहना है कि अवैध निर्माण को संरक्षण देने वालों की जवाबदेही तय किए बिना केवल दुकानों और प्रतिष्ठानों को सील करना जनता को सजा देने जैसा है। यदि निर्माण अवैध था तो इतने वर्षों तक निगम ने कार्रवाई क्यों नहीं की। अधिकारियों और राजनीतिक संरक्षण देने वालों पर क्या कार्रवाई हुई। यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा शासित एमसीडी और दिल्ली सरकार के बीच समन्वय की कमी का खामियाजा दिल्ली की जनता और व्यापारी वर्ग को भुगतना पड़ रहा है। यादव ने मांग की है कि सीलिंग कार्रवाई की समीक्षा की जाए, प्रभावित दुकानदारों की समस्याओं को तत्काल सुना जाए और जहां संभव हो, नियमों के अनुरूप राहत प्रदान की जाए।

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।
मु.न. 237 दिनांक 01.09.2026 धारा 127 (6) बी.एन.एस थाना HSIDC बड़ी जिला सोनीपत।
गुमशुदा की पहचान
नाम- ऊधरी।
पिता का नाम-अशोक।
पता - वासी गाँव दतौली जिला सोनीपत।
उम्र -18 वर्ष।
कद -5 फुट।
हुलिया:- रंग गोरा, सामान्य शरीर, लम्बूतरा चेहरा, काले बाल, काली आँखे।
पहनावा - गुलाबी रंग की कुर्ती व फोरमल पेन्ट पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 01.09.2026 को आरती पुत्री अशोक वासी गाँव दतौली जिला सोनीपत, बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गयी है। अब तक वापिस नहीं आयी हैं। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें।
प्रबन्धक थाना मो॰ नं0 - 7419410541
अनुसंधानकर्ता मो॰ नं0 - 8708271078
कन्ट्रोल रूम सोनीपत- 0130-2222903,100
हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।
पीआरडीएच-1084/11/5314/2027/49119/88/7 दि. 10.09.26